This question paper contains 4+1 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5376**

Unique Paper Code : **205541**

E

Name of the Paper : **Hindi C (आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ग')**

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours**

Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

इस समय देश में धर्म की धूम है। उत्पात किए जाते हैं, तो धर्म और ईमान के नाम पर, और जिद की जाती है, तो धर्म और ईमान के नाम पर, रमुआ पासी और बुद्धू मियाँ धर्म और ईमान को जानें, या न जानें, परन्तु उसके नाम पर उबल पड़ते हैं, और जान लेने और जान देने के लिए तैयार हो जाते हैं। देश के सभी शहरों का यही हाल है। उबल पड़नेवाले साधारण आदमी का इसमें केवल इतना ही दोष है कि वह कुछ भी नहीं समझता-बूझता और दूसरे लोग उसे जिधर जोत देते हैं, उधर जुत जाता है। यथार्थ दोष है, कुछ चलते-पुरजे, पढ़े-लिखे लोगों का जो मूर्ख लोगों की शक्तियों

P.T.O.

और उत्साह का दुरुपयोग इसलिए कर रहे हैं कि इस प्रकार जाहिलों के बल के आधार पर उनका नेतृत्व और बड़प्पन कायम रहे। इसके लिए धर्म और ईमान की बुराइयों से काम लेना उन्हें सबसे सुगम मालूम पड़ता है।

(क) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) धर्म और ईमान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है ?

(ग) प्रस्तुत अनुच्छेद का केन्द्रीय विचार लिखिए।

(घ) यथार्थ, सुगम, साधारण और जाहिल शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

'प्रभुता पाई काहि मद नाहीं' तुलसी बाबा भले कह गए
जिसमें वाजिद अली बह गया उसी बाढ़ में आप बह गए
आप बने शिक्षा-मंत्री तो देहातों के स्कूल ढह गए
हम तो करते रहे पढ़उनी, जेल न जाके यहीं रह गए
और आपका तो कहना क्या, मुँह से बहै आरत की धारा
आदर्शों की छौंक मारकर, अजी आपने हमें सुधारा
उपदेशों की धुआंधार में, अकुलाता शिक्षक बेचारा
अजी आपको लगता होगा, सुखमय यह भूमंडल सारा।

(क) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) कवि ने नेताओं के व्यक्तित्व का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ग) 'उपदेशों की धुआंधार में अकुलाता शिक्षक बेचारा' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'जेल' और 'स्कूल' शब्दों के **दो-दो** पर्याय लिखिए।

3. मोहन राकेश द्वारा लिखित 'विज्ञापन युग' निबंध का सार लिखिए। 5

अथवा

शरद जोशी द्वारा लिखित 'भाषा का प्रश्न : प्रेम पत्रों के सन्दर्भ में' पाठ की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित का संक्षिप्त परिचय दीजिए :

(क) ब्रज, अवधी 5

(ख) संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति स्पष्ट कीजिए 5

(ग) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए। 5

5. (क) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए : 5

(1) आँखें दिखाना

(2) आग बबूला होना

(3) किताबी कीड़ा

(4) दाल में काला

(5) ईद का चाँद

(6) जिसकी लाठी उसकी भैंस

(7) हाथ पर हाथ धरकर बैठना

(8) घर का भेदी लंका ढाए।

(ख) अपने महाविद्यालय में हुए छात्र-संघ चुनावों पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 5

अथवा

प्रतिवेदन का अर्थ बताते हुए उसके तत्वों का निरूपण कीजिए।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **पाँच** को शुद्ध रूप में लिखिए : 5

(1) उसको कोई संतान नहीं है।

(2) मुझसे अच्छी चाय बनाई गई।

(3) हमें अपने देश पर अहंकार है।

(4) मेरे को यह गाना अच्छा लगता है।

(5) गाय और बैल यहाँ पानी पीती हैं।

(6) महादेवी वर्मा प्रसिद्ध कवि हैं।

(7) तुम्हें वहाँ मत जाना चाहिए।

(8) उसे एक फूलों की माला खरीदनी है।

6. पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मंगवाने के लिए पत्र लिखिए। 10

अथवा

बैंक-ऋण लेने के लिए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए।

7. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (शब्द संख्या 250-300) : 10

(1) नारी सुरक्षा का प्रश्न

(2) मेट्रो का सफर

(3) प्रदूषण—एक समस्या

(4) दूरदर्शन का समाज पर प्रभाव।